"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 7] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 12 फरवरी 2021—माघ 23, शक 1942

विषय—सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं, (2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) छत्तीसगढ़ विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद में पुर:स्थापित विधेयक, (ख) (1) अध्यादेश, (2) छत्तीसगढ़ अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम, (ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 30 दिसम्बर 2020

क्रमांक ई 1-02/2020/एक-2.—राज्य शासन एतद्द्वारा श्री राजेश सुकुमार टोप्पो, भा.प्र.से. (2005), विशेष सचिव, मंत्रालय तथा अतिरिक्त प्रभार विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त सचिव, राजस्व मंडल, बिलासपुर के पद पर पदस्थ करता है.

2. श्री नीलम नामदेव एक्का, भा.प्र.से. (2005), विशेष सचिव, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार संचालक, विमानन को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ विशेष सचिव, जनशिकायत निवारण विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2021.

3. डॉ. सी. आर. प्रसन्ना, भा.प्र.से. (2006), विशेष सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार आयुक्त, स्वास्थ्य सेवायें, प्रबंध संचालक, छ.ग. मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन, विशेष सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग को केवल प्रबंध संचालक, छ.ग. मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करता है. शेष प्रभार यथावत रहेंगे.

4. श्री डोमन सिंह, भा.प्र.से. (2009), कलेक्टर, जिला-गौरेला-पेंड्रा-मरवाही को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त कलेक्टर, जिला-महासमुंद के पद पर पदस्थ करता है.

5. श्री कार्तिकेय गोयल, भा.प्र.से. (2010), कलेक्टर, जिला-महासमुंद को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त प्रबंध संचालक, छ.ग. मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन के पद पर पदस्थ करते हुए संयुक्त सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है.

श्री कार्तिकेय गोयल द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से राज्य शासन, भारतीय प्रशासनिक सेवा (वेतन) नियम, 2016 के नियम-12 के तहत् प्रबंध संचालक, छ.ग. मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन के असंवर्गीय पद को प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के कनिष्ठ प्रशासनिक वेतनमान के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित करता है.

6. श्री धर्मेश कुमार साहू, भा.प्र.से. (2010), महानिरीक्षक, पंजीयक एवं मुद्रांक तथा अतिरिक्त प्रभार मिशन संचालक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त कलेक्टर, जिला-नारायणपुर के पद पर पदस्थ करता है.

7. श्री अभिजीत सिंह, भा.प्र.से. (2012), कलेक्टर, जिला-नारायणपुर को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य पाठ्य पुस्तक निगम के पद पर पदस्थ करते हुए उप सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है.

श्री अभिजीत सिंह द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से राज्य शासन, भारतीय प्रशासनिक सेवा (वेतन) नियम, 2016 के नियम-12 के तहत् प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य पाठ्य पुस्तक निगम के असंवर्गीय पद को प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ वेतनमान के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित करता है.

8. सुश्री इफ्फत आरा, भा.प्र.से. (2012), प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य पाठ्य पुस्तक निगम को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक के पद पर पदस्थ करते हुए मिशन संचालक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है.

सुश्री इफ्फत आरा द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से राज्य शासन, भारतीय प्रशासनिक सेवा (वेतन) नियम, 2016 के नियम-12 के तहत् महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक के असंवर्गीय पद को प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ वेतनमान के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित करता है.

9. सुश्री नम्रता गांधी, भा.प्र.से. (2013), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, धमतरी को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त कलेक्टर, जिला-गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के पद पर पदस्थ करता है.

10. श्री अजीत वसंत, भा.प्र.से. (2013), अपर कलेक्टर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, राजनांदगांव के पद पर पदस्थ करता है.

11. सुश्री नुपूर राशि पन्ना, भा.प्र.से. (2015), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, मुंगेली को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त अपर कलेक्टर, बिलासपुर के पद पर पदस्थ करता है.

12. श्री हरीष एस., भा.प्र.से. (2015), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, बलरामपुर-रामानुजगंज को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, बिलासपुर के पद पर पदस्थ करता है.

13. श्री कुणाल दुदावत, भा.प्र.से. (2017), अनुविभागीय अधिकारी (राज.), सरायपाली, जिला-महासममुंद को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, कोरिया के पद पर पदस्थ करता है.

14. श्री मयंक चतुर्वेदी, भा.प्र.से. (2017), सहायक कलेक्टर, जिला-गौरेला-पेंड्रा-मरवाही को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, धमतरी के पद पर पदस्थ करता है.

15. श्री रोहित व्यास, भा.प्र.से. (2017), अनुविभागीय अधिकारी (राज.), बगीचा, जिला-जशपुर को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, मुंगेली के पद पर पदस्थ करता है.

16. श्री देवेश कुमार ध्रुव, भा.प्र.से. (2018), अनुविभगीय अधिकारी (राज.), बलौदाबाजार-भाटापारा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त अनुविभागीय अधिकारी (राज.), बीजापुर, जिला-बीजापुर के पद पर पदस्थ करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
कमलप्रीत सिंह, सचिव.

महिला एवं बाल विकास विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 2 नवम्बर 2020

क्रमांक एफ 12-1/2020/मबावि/50 (पार्ट 2).—किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 (2016 का 2) की धारा 27 की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये तथा बालक कल्याण समिति के अध्यक्ष/सदस्यों के चयन के लिये गठित राज्य स्तरीय चयन समिति की अनुशंसा के अनुसार, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, नीचे उल्लिखित तालिका के कॉलम क्रमांक (3) एवं (4) में उल्लिखित व्यक्तियों को, कॉलम क्रमांक (2) में उल्लिखित तत्संबंधी जिले के बालक कल्याण समिति में, क्रमश: अध्यक्ष/सदस्य के रूप में, नीचे उल्लिखित शर्तों के अध्यधीन रहते हुये, नियुक्त करती है, अर्थात् :—

तालिका

स.क्र. (1)	जिले का नाम (2)	बालक कल्याण समिति के अध्यक्ष का नाम (3)	बालक कल्याण समिति के सदस्य का नाम (4)
1.	रायपुर	श्री सरवत हुसैन नकवी	1. श्री रमेश कुमार देवांगन 2. कु. श्वेता रानी 3. श्री प्रेमलाल सिन्हा 4. श्री मोंटी राजपूत
2.	धमतरी	श्री गजानंद साहू	—
3.	बलौदा बाजार	श्रीमती संध्या बाजपेयी	श्रीमती वीणा वर्मा
4.	महासमुंद	श्रीमती सुनीता देवांगन	1. श्रीमती छाया चन्द्राकर 2. श्री संदीप दीवान 3. श्री मुरारीलाल निर्मलकर
5.	गरियाबंद	-	1. श्री बैसाखू राम साहू 2. श्रीमती पूर्णिमा तिवारी
6.	दुर्ग	डॉ. श्रेष्ठा शुक्ला	1. श्री रमाकांत देशमुख 2. श्रीमती मिसबा शिरीन हुसैन 3. श्रीमती प्रीति अजय बेहरा 4. श्रीमती श्रद्धा रानी

(1)	(2)	(3)	(4)
7.	राजनांदगांव	डॉ. कु. श्रुति खरे	1. श्री चन्द्रभूषण सिंह ठाकुर 2. श्रीमती इंदु साहू 3. श्रीमती सुनीता यादव 4. श्री राकेश सिंह राजपूत
8.	कबीरधाम	श्रीमती अंजना	—
9.	बालोद	श्री कृष्णा साहू	श्रीमती शैल टांक
10.	बेमेतरा	—	श्री ओमप्रकाश चन्द्राकर
11.	बिलासपुर	श्री असीम कुमार मुखर्जी	1. श्रीमती वर्षा मिश्रा 2. श्रीमती रीता राजगीर 3. डॉ. श्रीमती आरती सिंह 4. श्री हेमन्त कुमार चन्द्राकर
12.	जांजगीर-चांपा	श्रीमती नम्रता पटेल	1. श्री मुरलीधर चन्द्रम 2. सुश्री संतोषी राठौर
13.	रायगढ़	डॉ. पुनीता राजलक्ष्मी	1. डॉ. ऋतु शर्मा सिंह 2. श्रीमती चंदना गुप्ता
14.	मुंगेली	—	1. श्री बृजेश कुमार उपाध्याय 2. श्री सलील पाण्डेय
15.	सरगुजा	श्री सुरेन्द्र कुमार	1. श्री अनिल कुमार हरदहा 2. श्रीमती पूर्णिमा खरे
16.	सूरजपुर	सुश्री किरण बघेल	1. श्रीमती कविता सिंह 2. श्री राजेश शर्मा
17.	कोरिया	श्रीमती अंजली तिवारी	—
18.	बलरामपुर	—	1. श्री ओमप्रकाश साव 2. श्री अयोध्या प्रसाद
19.	जशपुर	श्रीमती निर्मला जांगड़े	1. श्रीमती डौली कुशवाहा 2. श्री सुभाष कुमार आर्यवर्ती
20.	बस्तर	श्री शैलेन्द्र दुबे	1. सुश्री मीना सिंह 2. श्रीमती सुनीता ठाकुर
21.	कांकेर	श्रीमती कल्पना ध्रुव	1. श्री अनिल कुमार पिपरैया 2. सुश्री सिरात्री निषाद 3. श्रीमती हेमलता वैष्णव
22.	कोण्डागांव	—	श्री बिंगुराम कोर्राम

(1)	(2)	(3)	(4)
23.	दंतेवाड़ा	श्री छत्र कुमार साहू	श्रीमती सुनीता गोड़बोले
24.	बीजापुर	—	श्री अशोक कुमार तलांडी
25.	नारायणपुर	—	1. श्रीमती पूनम केशरा 2. श्री सोना राम साहू
26.	सुकमा	—	श्रीमती रेणुका सूना

(1) यह नियुक्तियां अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन-पत्र एवं व्यक्तिगत वार्तालाप में दी गयी जानकारी तथा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों के आधार पर की गई है. किसी भी स्तर पर गलत जानकारी या विसंगति अथवा शिकायत की दशा में, राज्य शासन को संबंधित व्यक्ति का नियुक्ति निरस्त करने का अधिकार होगा. इस संबंध में कोई अभ्यावेदन स्वीकार्य नहीं होगा.

(2) बालक कल्याण समिति के अध्यक्ष/सदस्यों की पदावधि, इस आदेश के जारी होने के दिनांक से तीन वर्ष की कालावधि के लिये होगी.

(3) बालक कल्याण समिति किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 (2016 का 2)की धारा 28 की उप-धारा (1) के अनुसार अपनी बैठक आहूत करेगी, जिसमें विहित तिथि/समय पर अध्यक्ष/सदस्य की उपस्थिति अनिवार्य होगी.

(4) बालक कल्याण समिति, बाल गृह के परिसर में या जिला बाल संरक्षण समिति द्वारा विनिश्चित स्थान पर अपनी बैठक आहूत करेगी.

(5) बालक कल्याण समिति के सदस्यों की नियुक्ति, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 (2016 का 2) की धारा (27) की उप-धारा (7) के प्रावधानों के अनुसार समाप्त की जा सकेगी.

(6) कंडिका क्रमांक 5 के अतिरिक्त, समिति के अध्यक्ष/सदस्य, एक माह का नोटिस देकर किसी भी समय त्यागपत्र दे सकेंगे.

(7) समिति, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 (2016 का 2) तथा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) नियम, 2016 के अनुसार बालकों के कल्याण एवं संरक्षण के लिये कार्य करेंगी.

(8) यदि नियुक्त सदस्य, किसी ऐसे व्यवसाय/सेवा में है, जो बालक कल्याण समिति के सदस्य के रूप में उनके कार्यों को प्रभावित कर सकते हैं, तो उन्हें अपनी वर्तमान सेवा/व्यवसाय का कार्य स्थगित करना होगा.

(9) यह नियुक्ति पुलिस सत्यापन होने तक प्रावधिक मानी जायेगी. यदि किसी नियुक्त अभ्यर्थी के पुलिस सत्यापन में विपरीत टीप प्राप्त होती है तो उसकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से समाप्त मानी जाएगी.

No. F 12-1/2020/WCD/50 (Part 2).—In exercise of the powers conferred by the sub-section (1) of Section 27 of the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015 (No. 2 of 2016) and as per the recommendations of the State level Selection Committee constituted for selection of the Chairperson/Members of the Child Welfare Committee, the State Government, hereby, appoints the following persons mentioned in column number (3) and (4) of the table mentioned below as Chairperson/Members respectively in the Child Welfare Committee of the Corresponding District mentioned in column number (2), subject to the conditions mentioned below, namely :—

TABLE

S. No. (1)	Name of the District (2)	Name of the Chairperson of the Child Welfare Committee (3)	Name of the Member of the Child Welfare Committee (4)
1.	Raipur	Mr. Sarwat Hussain Naqvi	1. Mr. Ramesh Kumar Dewangan

(1)	(2)	(3)	(4)
			2. Ms. Shweta Rani 3. Mr. Premlal Sinha 4. Mr. Monti Rajput
2.	Dhamtari	Mr. Gajanand Sahu	—
3.	Balodabazar	Mrs. Sandhya Bajpai	Mrs. Veena Verma
4.	Mahasamund	Mrs. Sunita Dewangan	1. Mrs. Chhaya Chandrakar 2. Mr. Sandeep Diwan 3. Mr. Murarilal Nirmalkar
5.	Gariyaband	—	1. Mr. Baisakhu Ram Sahu 2. Mrs. Purnima Tiwari
6.	Durg	Dr. Shreshtha Shukla	1. Mr. Ramakant Deshmukh 2. Mrs. Misba Shirin Hussain 3. Mrs. Preeti Ajay Behra 4. Mrs. Shraddha Rani
7.	Rajnandgaon	Dr. Shruti Khare	1. Mr. Chandrabhushan Singh Thakur. 2. Mrs. Indu Sahu 3. Mrs. Sunita Yadav 4. Mr. Rakesh Singh Rajput
8.	Kabeerdham	Mrs. Anjana	—
9.	Balod	Mr. Krishna Sahu	Mrs. Shail Tank
10.	Bemetara	—	Mr. Omprakash Chandrakar
11.	Bilaspur	Mr. Aseem Kumar Mukharjee	1. Mrs. Varsha Mishra 2. Mrs. Reeta Rajgeer 3. Dr. Mrs. Aarti Singh 4. Mr. Hemant Kumar Chandrakar
12.	Janjgir-Champa	Mrs. Namrata Patel	1. Mr. Murlidhar Chandram 2. Ms. Santoshi Rathore
13.	Raigarh	Dr. Punita Rajlakshmi	1. Dr. Ritu Sharma Singh 2. Mrs. Chandana Gupta
14.	Mungeli	—	1. Mr. Brijesh Kumar Upadhyay 2. Mr. Salil Pandey
15.	Surguja	Mr. Surendra Kumar	1. Mr. Anil Kumar Hardaha 2. Mrs. Purnima Khare
16.	Surajpur	Ms. Kiran Baghel	1. Mrs. Kavita Singh 2. Mr. Rajesh Sharma
17.	Koriya	Mrs. Anjali Tiwari	—
18.	Balrampur	—	1. Mr. Omprakash Sao 2. Mr. Ayodhya Prasad

(1)	(2)	(3)	(4)
19.	Jashpur	Mrs. Nirmala Jangade	1. Mrs. Dolly Kushwaha 2. Mr. Shubhash Kumar Aaryavarti
20.	Bastar	Mr. Shailendra Dubey	1. Ms. Meena Singh 2. Mrs. Sunita Thakur
21.	Kanker	Mrs. Kalpana Dhruw	1. Mr. Anil Kumar Pipaiya 2. Ms. Siratri Nishad 3. Mrs. Hemlata Vaishnav
22.	Kondagaon	—	Mr. Binguram Korram
23.	Dantewada	Mr. Chhatra Kumar Sahu	Mrs. Sunita Godbole
24.	Bijapur	—	Mr. Ashok Kumar Talandi
25.	Narayanpur	—	1. Mrs. Poonam Keshara 2. Mr. Sona Ram Sahu
26.	Sukma	—	Mrs. Renuka Suna

(1) These appointments have been done on the basis of information given in the application & personal interaction and documents submitted by the applicants. In case of wrong information or discrepancy or complaint at any level, State government shall have the rights to cancel the appointment of the concerned person and no representation shall be acceptable in this regards.

(2) The term of the Chairperson/Members of the Child Welfare Committee shall be for a period of three years from the date of the issue of this order.

(3) Child Welfare Committee shall hold its meetings as per sub-section (1) of Section 28 of the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015 (No. 2 of 2016), in which presence of Chairperson/members on the prescribed date/time shall be mandatory.

(4) Child Welfare Committee shall hold its meetings in the premises of the Children Home or at any place decided by the District Child Protection Committee.

(5) Appointment of the Members of the Child Welfare Committee may be terminated in accordance with the provisions of sub-section (7) of Section 27 of the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015 (No. 2 of 2016).

(6) Besides serial No. 5 Chairperson/Members of the Committee may resign at any time by giving one month's notice.

(7) Committee shall function for the welfare and protection of the Children in accordance with the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015 (No. 2 of 2016) & the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Rules, 2016.

(8) If the appointed member is in a profession/service, which can affect his work as a member of the Child Welfare Committee, then he will have to postpone his work of existing profession/service.

(9) This appointment will be considered provisional till the polic verification. If any adverse comment is found in police verification of appointed candidate, his appointment will be considered terminated with immediate effect.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

प्रसन्ना आर., सचिव.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 26 दिसम्बर 2020

क्रमांक एफ 11-3/2013/मबावि/50.—किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 (2016 का 2) की धारा 4 की उप-धारा (1) एवं (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार, एतद्द्वारा, नीचे दी गई सारणी के कॉलम (4) में उल्लिखित न्यायाधीश (प्रधान न्यायाधीश) को अध्यक्ष के रूप में अधिसूचित करते हुए तथा राज्य स्तरीय चयन समिति द्वारा सम्यक् रूप से चयनित सामाजिक कार्यकर्ताओं को कॉलम (3) में उल्लिखित क्षेत्र के लिये सदस्य के रूप में सम्मिलित करते हुए, किशोर न्याय बोर्ड का पुनर्गठन करती है, अर्थात् :—

सारणी

स.क्र. (1)	किशोर न्याय बोर्ड का नाम (2)	क्षेत्र/राजस्व जिले (3)	किशोर न्याय बोर्ड के अध्यक्ष (प्रधान न्यायाधीश) का नाम (4)
1.	बैकुण्ठपुर	कोरिया	कु. रेशमा बैरागी, II सिविल जज क्लास-I, बैकुण्ठपुर.

No. F 11-3/2013/WCD/50.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) and (2) of Section 4 of the juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015 (No. 2 of 2016), the State Government, hereby, reconstitutes the Juvenile Justice Boards by notifying Judge (Principal Magistrate), mentioned in Column (4) as Chairman and including Social workers duly selected by the State Level Selection Committee as members for the area mentioned in column (3) of the table below, namely :—

TABLE

S. No. (1)	Name of the Juvenile Justice Board (2)	Area/Revenue District (3)	Name of the Chairman (Principal Magistrate) of the Juvenile Justice Board (4)
1.	Baikunthpur	Korea	Ku. Reshma Bairagi, II CJ-I, Baikunthpur

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
तीरथ प्रसाद लड़िया, उप-सचिव.

वन विभाग

मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 26 दिसम्बर 2020

क्रमांक एफ 1-02/2020/10-भा.व.से.—राज्य शासन एतद्द्वारा उप वन संरक्षक स्तर के निम्नलिखित भारतीय वन सेवा के अधिकारियों को दिनांक 04-06-2020 से वन संरक्षक के पद एवं वेतनमान (Level 13A in the Pay Matrix Rs. 1,31,100-2,16,600) में पदोन्नति प्रदान करता है :—

1. श्री राजू अगासिमनी (2006)
2. श्री विवेक आचार्य (2006)
3. श्री माथेश्वरन व्ही. (2006)
4. श्री अरूण प्रसाद पी. (2006)
5. श्री प्रभात मिश्रा (2006)

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 26 दिसम्बर 2020

क्रमांक एफ 1-09/2017/10-भा.व.से.—राज्य शासन एतद्द्वारा भारतीय वन सेवा (वेतन) नियम, 2016 के नियम 3(B)(ii) के अंतर्गत निम्नलिखित भारतीय वन सेवा के अधिकारियों को आबंटन वर्ष से 09 वर्ष की सेवा पूर्ण कर लेने के फलस्वरूप उनके नाम के सम्मुख दर्शाई गई तिथि के कनिष्ठ प्रशासनिक वेतनमान (Junior Administrative Grade: Level 12 in the Pay Matrix Rs. 78,800-2,09,200) में अस्थायी रूप से, आगामी आदेश पर्यन्त स्थानापन्न रूप से नियुक्त करता है :—

क्र.	अधिकारी का नाम	वरिष्ठ वेतनमान में नियुक्ति की तिथि
(1)	(2)	(3)
1.	श्री बी. विवेकानंद रेड्डी (2009)	01-01-2018
2.	श्री विवेकानंद झा (2009)	01-01-2018
3.	श्रीमती विजया विनोद कुर्रे (2011)	01-01-2020
4.	सुश्री स्टायलो मंडावी (2011)	01-01-2020

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. के. चंचलानी, अवर सचिव.

श्रम विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 20 जनवरी 2021

क्रमांक एफ 10-01/2021/16.—औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार निरूपित व्यवसाय सुधार कार्य योजना के तहत् राज्य सुधार योजना 2020-21 के विषय क्षेत्र 6 के बिन्दु क्रमांक 117 के तारतम्य में विभिन्न श्रम अधिनियमों या उक्त अधिनियमों के अंतर्गत बनाये गये नियमों के तहत् संधारित किए जाने वाले पंजियों/अभिलेखों के ऑनलाईन/डिजीटल संधारण किया जाना लागू किया जाता है.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 20 जनवरी 2021

क्रमांक एफ 10-01/2021/16.—औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार निरूपित व्यवसाय सुधार कार्य योजना के तहत् राज्य सुधार योजना 2020-21 के विषय क्षेत्र 6 के बिन्दु क्रमांक 119 के तारतम्य में छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण अधिनियम 1982 एवं इसके तहत् निर्मित छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण निधि नियम 1984 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मण्डल को देय अभिदाय राशि श्रम विभाग के पोर्टल पर ऑनलाईन जमा किया जाना लागू किया जाता है.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 20 जनवरी 2021

क्रमांक एफ 10-01/2021/16.—औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार निरूपित व्यवसाय सुधार कार्य योजना के तहत् राज्य सुधार योजना 2020-21 के विषय क्षेत्र 6 के बिन्दु क्रमांक 105 के तारतम्य में छत्तीसगढ़ कारखाना नियम 1962 के नियम 7 के तहत् कारखाने के अनुज्ञप्ति के नवीनीकरण आवेदन विहित शुल्क के साथ विभिन्न श्रम अधिनियमों एवं नियमों के अंतर्गत बनाये गये नियमों के तहत् संधारित किये जाने वाले पंजियों/अभिलेखों के ऑनलाईन/डिजीटल संधारण किये जाने पर तथा श्रम विभागीय अधिसूचना क्रमांक 738/695/2016/16, दिनांक 30-03-2016 द्वारा निर्धारित एकीकृत वार्षिक विवरणी ऑनलाईन प्रस्तुत करने पर आवेदक द्वारा चाहे गए अवधि जो 10 वर्ष से अधिक नहीं होगी, तक के लिए अनुज्ञप्ति का स्वत: नवीनीकरण हो जाएगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रेणुका श्रीवास्तव, उप-सचिव.

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 14 दिसम्बर 2020

क्रमांक एफ 20-53/2020/11-6.—चूंकि, राज्य सरकार को यह समाधान हो गया है कि लोकहित में ऐसा करना आवश्यक है,

अतएव राज्य शासन छत्तीसगढ़ की छत्तीसगढ़ शासन भण्डार क्रय नियम 2002 (यथा संशोधित 2020) में निम्नलिखित अनुसार संशोधन करती हैं, अर्थात् :—

(एक) छत्तीसगढ़ शासन भण्डार क्रय नियम 2002 (यथा संशोधित 2020) के नियम-8 के वर्तमान शीर्षक "हैन्डलूम तथा हैंडीक्राफ्ट सामग्रियों का क्रय" को निम्नानुसार प्रतिस्थापित किया जाता है :—

नियम-8 राज्य शासन के अन्य विभागों एवं उनके उपक्रमों से सामग्रियों का क्रय :—

(दो) नियम-8.4 के पश्चात् नवीन प्रावधान हेतु निम्नानुसार उपनियम 8.5 का समावेश किया जाता है :—

8.5 कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग के द्वारा "गौधन न्याय योजना" के अंतर्गत संचालित/नियंत्रित/अधिकृत राज्य शासन के विभागों के शासकीय संस्थानों/गौठानों के द्वारा उत्पादित "जैविक खाद (वर्मी कम्पोस्ट)" का, शासन के अन्य विभागों द्वारा सीधे क्रय, "कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा" समय-समय पर निर्धारित दरों पर किया जा सकेगा. इस हेतु पृथक से निविदा बुलाया जाना आवश्यक नहीं होगा.

(तीन) यह संशोधन इस अधिसूचना के जारी होने की दिनांक से प्रभावशील होंगे.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 16 दिसम्बर 2020

क्रमांक एफ 20-47/2013/11/(6).—चूंकि, राज्य सरकार का यह समाधान हो गया है कि लोकहित में ऐसा करना आवश्यक है,

अतएव राज्य शासन एतद्द्वारा इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 07-03-2015 द्वारा जारी "छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम-2015" में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :—

संशोधन

(एक) उक्त अधिसूचना के अध्याय-1 की कंडिका 1.2 की उप कंडिका क्रमांक 1.2.7 के स्थान पर निम्नलिखित कंडिका प्रतिस्थापित किया जाता है, अर्थात् :—

कंडिका क्र. 1.2.7— सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग एंव सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम सेवा उद्यम— से अभिप्रेत है, "राज्य सरकार, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा समय-समय पर जारी औद्योगिक नीति के अंतर्गत परिभाषित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम सेवा उद्यम जिनके संबंध में राज्य के द्वारा उद्यम आकांक्षा अथवा समतुल्य कोई अभिस्वीकृति/प्रमाणपत्र जारी किया गया हो.

(दो) उक्त अधिसूचना के अध्याय-1 की कंडिका 1.2 की उप कंडिका क्रमांक 1.2.8 के स्थान पर निम्नलिखित कंडिका प्रतिस्थापित किया जाता है, अर्थात् :—

कंडिका क्र. 1.2.8— वृहद उद्योग एवं वृहद सेवा उद्यम— से अभिप्रेत है, "राज्य सरकार, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा समय-समय पर जारी औद्योगिक नीति के अंतर्गत परिभाषित वृहद उद्योग एवं वृहद सेवा उद्यम जिन्हें राज्य के द्वारा जारी प्रावधानित अनुसार कोई अभिस्वीकृति/प्रमाणपत्र जारी किया गया हो.

(तीन) उक्त अधिसूचना के अध्याय-3 की कंडिका 3.4 की उप कंडिका क्रमांक 3.4.2.4 के स्थान पर निम्नलिखित कंडिका प्रतिस्थापित किया जाता है, अर्थात् :—

कंडिका क्र. 3.4.2.4— जिन प्रकरणों में आबंटित भूखण्ड पर उद्यम की स्थापना हो चुकी हो अर्थात कार्यरत अथवा उत्पादन में आने के पश्चात् बंद हुए उद्योग/उद्यम, जिनमें आबंटन के समय प्रस्तुत परियोजना प्रतिवेदन (DPR) के अनुसार भूमि उपयोग की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी हो, तथा जिन्हें विभाग द्वारा उत्पादन प्रारंभ करने का प्रमाण पत्र यथा-ई.एम. पार्ट-2 एवं उत्पादन प्रमाण पत्र जारी किया जा चुका हो और बंद उद्योग/उद्यम के प्रकरण में निरस्तीकरण आदेश जारी नहीं हुआ हो उनमें तत्समय प्रचलित भू-प्रब्याजि की 5 (पांच) प्रतिशत राशि देय होगी.

परंतु, जिन प्रकरणों में आबंटित भू-खण्ड पर उद्यम की स्थापना हो चुकी हो अर्थात् कार्यरत अथवा उत्पादन में आने के पश्चात् बंद हुए उद्योग/उद्यम, जिनमें आबंटन के समय प्रस्तुत परियोजना प्रतिवेदन (DPR) के अनुसार भूमि उपयोग की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी हो, तथा जिन्हें विभाग द्वारा उत्पादन प्रारंभ करने का प्रमाण पत्र यथा-ई.एम. पार्ट-2 एवं उत्पादन प्रमाण पत्र जारी किया जा चुका हो और बंद उद्योग/उद्यम के प्रकरण में निरस्तीकरण आदेश जारी हो चुका हो उनमें 07 मार्च, 2015 के पूर्व भूमि आबंटन के मामले में हस्तांतरण दिनांक पर लागू प्रब्याजी का 40 प्रतिशत तथा 07 मार्च, 2015 के पश्चात् भूमि आबंटन के मामले में हस्तांतरण दिनांक पर लागू प्रब्याजी का 20 प्रतिशत राशि उनमें हस्तांतरण शुल्क के रूप में देय होगी. उपरोक्त प्रावधान कंडिका 3.4.2.10 एवं 3.4.2.11 से संबंधित प्रकरणों के संबंध में भी उपरोक्तवत लागू होंगे.

(चार) उक्त अधिसूचना के अध्याय-3 की कंडिका 3.4 की उप कंडिका क्रमांक 3.4.2.6 के स्थान पर निम्नलिखित कंडिका प्रतिस्थापित किया जाता है, अर्थात् :—

कंडिका क्र. 3.4.2.6— उपरोक्त 3.4.2.1 से 3.4.2.4 तक के प्रकरणों के मामले में हस्तांतरण के अनुमोदन उपरांत भू-आधिपत्य प्राप्तकर्ता द्वारा आदेश दिनांक से आगामी 5 वर्ष तक भूमि का पुन: हस्तांतरण अथवा इकाई के गठन का परिवर्तन, इन नियमों में अन्यथा स्वीकार्य होने की स्थिति को छोड़कर, परिवर्तित नहीं किया जा सकेगा.

इस प्रावधान के उल्लंघन होने पर प्रकरण में नियमितिकरण हेतु राशि 07 मार्च, 2015 के पूर्व मूलत: भूमि आबंटन के मामले में उल्लंघन नियमितिकरण के दिनांक पर लागू प्रब्याजी का 40 प्रतिशत तथा 07 मार्च, 2015 के पश्चात् मूलत: भूमि आबंटन के मामले में उल्लंघन नियमितिकरण के दिनांक पर लागू प्रब्याजी का 20 प्रतिशत राशि, के रूप में प्रचलित प्रब्याजी के समतुल्य हस्तांतरण शुल्क एवं शास्ति शुल्क नियमितिकरण दिनांक पर प्रब्याजी के 10(दस) प्रतिशत के बराबर, अतिरिक्त रूप से ली जायेगी.

शास्ति सहित पूर्ण राशि का भुगतान न करने पर उद्योग के पक्ष में जारी आबंटन आदेश तथा लीजडीड नियमानुसार निरस्त की जायेगी.

(पांच) उक्त अधिसूचना के अध्याय-3 की कंडिका 3.4 की उप कंडिका क्रमांक 3.4.2.7 के स्थान पर निम्नलिखित कंडिका प्रतिस्थापित किया जाता है, अर्थात् :—

कंडिका क्र. 3.4.2.7— निरस्त भूखण्ड, शेड-भवन/प्रकोष्ठ का हस्तांतरण इन नियमों में अन्यत्र वर्णित प्रक्रिया अनुसार किया जावेगा.

(छ:) उक्त अधिसूचना के अध्याय-3 की कंडिका 3.8 की उप कंडिका क्रमांक 3.8.4 — विलोपित.

(सात) उक्त अधिसूचना के अध्याय-3 की कंडिका 3.8 की उप कंडिका क्रमांक 3.8.5 — विलोपित.

(आठ) उक्त अधिसूचना के अध्याय-3 की कंडिका 3.8 की उप कंडिका क्रमांक 3.8.6 — विलोपित.

(नौ) उक्त अधिसूचना के अध्याय-3 की कंडिका 3.10 की उप कंडिका क्रमांक 3.10.1 के स्थान पर निम्नलिखित कंडिका प्रतिस्थापित किया जाता है, अर्थात् :—

कंडिका क्र. 3.10.— इकाई कार्यरत किंतु निरस्त पट्टाभिलेख अंतर्गत भूमि, भवन/शेड का पुनर्स्थापन

(3.10.1) कार्यरत इकाई किंतु निरस्त पट्टाभिलेख के मामले-इकाई के द्वारा देय राशियों का भुगतान न करने के कारण निरस्त भूमि, भवन/शेड के पट्टा प्रकरण में अंतिम निराकरण के पूर्व नियमों में उल्लेखित/पट्टे की शर्तों में वर्णित प्रावधान अनुसार पट्टाग्रहिता द्वारा देयताओं का एकमुश्त भुगतान करने के साथ ही पुनर्स्थापना दिनांक पर प्रचलित प्रब्याजि की 05 (पांच) प्रतिशत राशि शास्ति के रूप में लेकर भूमि, भवन/शेड के पट्टे को पुनर्स्थापित किया जा सकेगा. यह पुनर्स्थापन अवधि आबंटन प्राधिकारी द्वारा जारी निरस्तीकरण अभ्यावेदन निराकरण आदेश में वर्णित अवधि समाप्त होने के पूर्व की होगी. इस अवधि के भीतर भुगतान सहित आवेदन प्राप्त होने पर निरस्त पट्टे का पुनर्स्थापन पट्टा निरस्तीकरण प्राधिकारी द्वारा किया जा सकेगा.

(दस) उक्त अधिसूचना के अध्याय-3 की कंडिका 3.10 की उप कंडिका क्रमांक 3.10.2 के स्थान पर निम्नलिखित कंडिका प्रतिस्थापित किया जाता है, अर्थात् :—

(3.10.2) उपरोक्त कंडिका (3.10.1) से भिन्न प्रकरणों में पट्टा निरस्तीकरण के मामलों में भूमि, भवन/शेड की पुर्नस्थापना के प्रत्येक प्रकरण में गुण-दोष के आधार पर इकाई की अद्यतन स्थिति, रोजगार, पूंजी निवेश, उल्लंघित प्रावधानों की पूर्ति एवं उद्योग स्थापनार्थ नये प्रस्तावों को दृष्टिगत रखते हुये की जा सकेगी.

ऐसा करते समय आबंटन प्राधिकारी द्वारा प्रचलित प्रब्याजि 07 मार्च, 2015 के पूर्व के मूलत: भूमि आबंटन के मामले में पुर्नस्थापना दिनांक पर लागू प्रब्याजी का 45 प्रतिशत, तथा 07 मार्च, 2015 के पश्चात् मूलत: भूमि आबंटन के मामले में पुर्नस्थापना दिनांक पर लागू प्रब्याजी का 25 प्रतिशत राशि पुर्नस्थापना शुल्क एवं अन्य देय राशि के बराबर का एकमुश्त भुगतान प्राप्त कर भूमि आबंटन पुर्नस्थापन की अनुमति दी जा सकेगी. उक्त अनुमोदन की दिनांक से आगामी 05 (पांच) वर्ष तक भूमि का हस्तांतरण अथवा स्थापित उद्योग इकाई के संगठन का स्वरूप इन नियमों में अन्यथा स्वीकार्य होने की स्थिति को छोड़कर, परिवर्तित नहीं किया जा सकेगा.

(ग्यारह) यह संशोधन इस अधिसूचना के जारी होने की दिनांक से प्रवृत्त हुये समझी जावेगी.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मनोज कुमार पिंगुआ, प्रमुख सचिव.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 31 दिसम्बर 2020

क्रमांक एफ 8-1/2012/11/(6).—बॉयलर्स एक्ट, 1923 की धारा 34(2) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य शासन एतद्द्वारा एन.एस.पी.सी.एल. भिलाई के बॉयलर क्रमांक सी.जी./342 को दिनांक 14-01-2021 से दिनांक 13-06-2021 तक निम्नलिखित शर्तों पर उक्त अधिनियम की धारा 6(सी) के उपबंधनों के प्रवर्तन से अतिरिक्त छूट प्रदान करता हूं :—

(1) संदर्भाधीन बॉयलर को पहुंचने वाली किसी भी हानि की सूचना बॉयलर अधिनियम, 1923 की धारा 18(1) की अपेक्षानुसार तत्काल बॉयलर निरीक्षक/मुख्य निरीक्षक, वाष्पयंत्र छ.ग. को दी जावेगी एवं दुर्घटना होने के दिनांक से छूट की मान्यता समाप्त समझी जावेगी.

(2) उक्त अधिनियम की धारा 12 तथा 13 कि अपेक्षानुसार मुख्य निरीक्षक वाष्पयंत्र छत्तीसगढ़ के पूर्वानुमोदन के बिना संदर्भाधीन बॉयलर में किसी प्रकार का संरचनात्मक परिवर्तन अथवा नवीनीकरण नहीं किया जावेगा.

(3) संदर्भाधीन बॉयलर का सरसरी दृष्टि से निरीक्षण किये जाने पर यदि वह खतरनाक स्थिति में पाया गया तो यह छूट समाप्त हो जावेगी.

(4) नियतकालीन सफाई और नियमित रूप से गैस निकालने (रेगुलर ब्लोडाउन) का कार्य किया जावेगा और उसका अभिलेख रखा जावेगा.

(5) छत्तीसगढ़ बॉयलर निरीक्षण नियम, 1966 के नियम 6 की अपेक्षानुसार संदर्भाधीन बॉयलर के संबंध में वार्षिक निरीक्षण शुल्क अग्रिम रूप से जमा कराई जावेगी.

(6) यदि राज्य शासन आवश्यक समझे तो प्रश्नांकित छूट में संशोधन कर सकता है अथवा उसे वापिस ले सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
व्ही. के. छबलानी, विशेष सचिव.

गृह (पुलिस) विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 8 दिसम्बर 2020

क्रमांक एफ 3-32/2017/गृह-दो.—मैदानी गोला बारूद तोप अभ्यास अधिनियम 1938 के अध्याय II की धारा 9 (2) में निहित प्रावधान के अंतर्गत राज्य शासन एतद्द्वारा जिला नारायणपुर के ग्राम तेलसी पटवारी हल्का नं. 02 भूमि खसरा नं. 03, 04, 05 रकबा क्रमशः 2.020, 2.020, 2.020 योग रकबा 6.060 हेक्टेयर भूमि को फायरिंग रेंज हेतु अधिसूचित करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मुकुन्द गजभिये, उप-सचिव.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 28 दिसम्बर 2020

क्रमांक एफ 7-14/2015/दो-गृह/भापुसे.—राज्य शासन एतद्द्वारा श्री जितेन्द्र शुक्ला, भापुसे (2013) सेनानी, 17वीं वाहिनी, छसबल, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ को दिनांक 07-12-2020 से 17-12-2020 (कुल 11 दिवस) तक का अर्जित अवकाश की स्वीकृति प्रदान की जाती है. साथ ही दिनांक 06, 18, 19 एवं 20 दिसम्बर 2020 को विज्ञप्त शासकीय अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति प्रदान की जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री जितेन्द्र शुक्ला, भापुसे (2013) आगामी आदेश तक, सेनानी, 17वीं वाहिनी, छसबल, जिला कबीरधाम, छ.ग. के पद पर पुन: पदस्थ होंगे.

3. अवकाश काल में श्री शुक्ला को अवकाश वेतन, भत्ते एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश में जाने से पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री शुक्ला (भापुसे) अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

5. श्री जितेन्द्र शुक्ला, भापुसे (2013), सेनानी, 17वीं वाहिनी, छसबल, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ के उक्त अवकाश अवधि में उनका प्रभार श्री चैनदास टण्डन, रापुसे, सेनानी, 17वीं वाहिनी, छसबल, जिला कबीरधाम, छ.ग. को उनके वर्तमान कार्य के साथ-साथ सौंपा जाता हैं.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मनोज श्रीवास्तव, अवर सचिव.

आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 22 अक्टूबर 2020

क्रमांक एफ 7-06/2011/32 (पार्ट-2).—जिला कोरिया के अंतर्गत सोनहत निवेश क्षेत्र की सीमाओं में छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम, 1984 लागू करने संबंधी इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 29-7-2020 में अंकित "जिला कोरिया सोनहत निवेश क्षेत्र" के स्थान पर "जिला कोरिया पुनर्गठित सोनहत निवेश क्षेत्र" पढ़ा जाये.

नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 22 अक्टूबर 2020

क्रमांक एफ 7-17/2019/32.—राज्य शासन एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्र. 23 सन् 1973) की धारा 23-क (1) एवं (2) के अंतर्गत इस विभाग की समसंख्यक सूचना दिनांक 23-1-2020 द्वारा नवा रायपुर अटल नगर विकास योजना 2031 में लोक प्रयोजनार्थ निम्नानुसार भूमि का उपांतरण प्रस्तावित करते हुये दो प्रमुख दैनिक स्थानीय समाचार पत्रों में एक दिन प्रकाशित की गई थी :—

नवा रायपुर अटल नगर विकास योजना 2031 में उपांतरण

क्र.	ग्राम का नाम	खसरा क्र.	रकबा (हेक्टेयर में)	विकास योजना में अंगीकृत प्रस्ताव	अधिनियम की धारा 23-क (1) एवं (2) के तहत् उपांतरण
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	सेरीखेड़ी पहनं. 42	682 का भाग	12.128 हेक्टेयर में से 15 एकड़	कृषि	आवासीय

2. उक्त उपांतरण छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के लिए ग्राम सेरीखेड़ी में विशेष आवासीय योजना प्रयोजन हेतु हैं.

3. सूचना में उल्लेखित निश्चित् समयावधि में कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुआ है.

4. अत: राज्य शासन एतद्द्वारा नवा रायपुर अटल नगर विकास योजना 2031 में उपरोक्त उपांतरण की पुष्टि करता है. उक्त उपांतरण नवा रायपुर अटल नगर विकास योजना 2031 का अंगीकृत भाग होगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सी. तिर्की, उप-सचिव.

राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर, जिला कोरिया, बैकुण्ठपुर (छत्तीसगढ़), एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

कोरिया, दिनांक 5 दिसम्बर 2020

क्रमांक/9032/भू-अर्जन/2020.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा 11 की उप-धारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन एतद्द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अंतर्गत दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 12 के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
कोरिया	बैकुण्ठपुर	गिरजापुर प.ह.नं. 38	0.20	कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग, अम्बिकापुर.	गिरजा तेन्दु मार्ग पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), बैकुण्ठपुर जिला कोरिया के कार्यालय में देखा जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सत्य नारायण राठौर, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़), एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

रायपुर, दिनांक 30 जनवरी 2021

क्रमांक/3425/वा./भू.अ./अ.वि.अ./2020-21.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा 11 की उप-धारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन एतद्द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अंतर्गत दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 12 के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (वर्गमीटर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रायपुर	रायपुर	रायपुरखास प.ह.नं. 62	483.95	कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग, रायपुर (छ.ग.).	तेलघानी नाका रेलवे ओव्हर ब्रिज (R.O.B) निर्माण कार्य हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), रायपुर के कार्यालय में किया जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. भारतीदासन, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला रायगढ़ (छत्तीसगढ़), एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

रायगढ़, दिनांक 25 जनवरी 2021

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक 02/अ-82/2019-20.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा 11 की उप-धारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन एतद्द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अंतर्गत दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 12 के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रायगढ़	रायगढ़	कोतरलिया प.ह.नं. 37	8.146	महाप्रबंधक एनटीपीसी तलाईपाली कोल माईनिंग परियोजना, घरघोड़ा जिला-रायगढ़ (छ.ग.).	एनटीपीसी तलाईपाली कोल माईनिंग परि-योजना के रेल लाईन हेतु भू-अर्जन.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), रायगढ़ के कार्यालय में देखा जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
भीम सिंह, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला कोरिया, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

कोरिया, दिनांक 19 नवम्बर 2020

